# जागरण : गुना : अशोकनगर : शिवपुरी : राजगढ़ : ब्यावरा : उज्जैन

www.dainikjagranmpcg.com | चाचौड़ा | राघौगढ़ | मुंगावली | चंदेरी | पोहरी | कोलारस | जीरापुर | सारंगपुर | बड़नगर | नागदा | भोपाल, 12 दिसंबर 2025


### जिला मुख्यालय पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, गायों की दशा शीघ्र नहीं सुधरने पर कांग्रेस ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

# जिले में गायों की हो रही दुर्दशा, भाजपा कर रही धार्मिक दिखावा




**जागरण, ब्यावरा**

जिलेभर में गायों की दुर्दशा को लेकर जिला कांग्रेस द्वारा जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। कांग्रेसियों ने गोवंश की दुर्दशा और भाजपा सरकार द्वारा गायों पर किया जा रहा धार्मिक दिखावे और को लेकर युवा कांग्रेस ने जोरदार धरनाप्रदर्शन किया। खिलचीपुर नाके पर सभा आयोजित की। आंदोलन में दो पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक सहित जिलेभर से सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभा को पूर्व कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, गुना कांग्रेस जिलाध्यक्ष जयवर्धन सिंह, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, राष्ट्रीय महासचिव शिवि चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार और जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष अमन अरोरा सहित कई नेता उपस्थित रहे। सभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता खिलचीपुर नाके से पैदल कलेक्टोरेट घेरने निकले। कलेक्ट्रेट परिसर से पहले गेट पर पुलिस की भारी तैनाती रही। जैसे ही कार्यकर्ता गेट पर पहुंचे, नारेबाजी तेज हो गई। कुछ युवा गेट पर चढ़ गए और प्रदर्शन किया। इस दौरान धक्का-मुक्की भी हुई। स्थिति तनावपूर्ण होते देख एडीएम प्रताप सिंह चौहान मौके पर पहुंचे और ज्ञापन लिया। इस दौरान प्रियव्रत सिंह ने कहा सरकार गौशालाओं को खोलने और सुधारने में पूरी तरह उदासीन है। यदि गौवंश की स्थिति नहीं सुधरी, तो इससे भी बड़ा आंदोलन होगा। युवा कांग्रेस का यह उग्र आंदोलन दिनभर चर्चा का विषय बना रहा और जिले की राजनीतिक हलचल को और बढ़ा गया।

### गौ-संरक्षण के नाम पर धार्मिक दिखावा कर रही भाजपा : सिंह

कार्यक्रम संबोधित करते हुए प्रियव्रत सिंह ने राज्य की भाजपा सरकार पर सीधा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले 15 महीनों में गौशालाओं के लिए अनुदान कम कर दिए गया। चारा वितरण रोक दिया गया और गौ संरक्षण में गंभीर लापरवाही की गई। उन्होंने कहा कि भाजपा धार्मिक दिखावा करती है। असली काम कांग्रेस करती है। उन्होंने भाजपा पर बूचड़खाने खोलने और गौ मांस निर्यात को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। श्री सिंह ने कहा कि जिस दिन हमारी सरकार गिरी, गौशालाओं का निर्माण और चारा बंद हो गया। उन्होंने कहा कि छापीहेड़ा में एक करोड़ रुपए की गोशाला हमने स्वीकृत कराई थी। सरकार बदलते काम रोक दिया। गौ माता की बात कोई नहीं करता। विकास सलाहकार समिति में 20 सदस्य बनाए, लेकिन एक भी अजजा का प्रतिनिधि शामिल नहीं किया। मैंने इस पर पोस्ट भी डाली है, गौतम टैटवाल को सदस्य बनाया गया है।

### 12 करोड़ ब्लड टेस्ट में भाजपा दिखा रही ९०० करोड़ खर्च : जयवर्धन सिंह

सभा में जयवर्धन सिंह ने सरकारी अस्पतालों में हुए ब्लड टेस्ट पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 7.5 करोड़ की आबादी वाले प्रदेश में 12 करोड़ ब्लड टेस्ट दिखाए गए और निजी कंपनी को लगभग 900 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। उन्होंने इसे जनता के पैसे का चुनावी फायदे के लिए दुरुपयोग बताया। उन्होंने कहा इंदौर में चूहों के काटने से शिशुओं की मौत हो गई थी। सरकारी अस्पतालों में ब्लड टेस्ट की व्यवस्था क्या है। प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की हालत क्या है। मध्य प्रदेश की आबादी साढ़े सात से आठ करोड़ है, लेकिन भाजपा सरकार दावा करती है कि 12 करोड़ ब्लड टेस्ट करवाए हैं। यह कैसे संभव है, आंकड़े खुद झूठ बोल रहे हैं।

### म.प्र. में सबसे ज्यादा खुले बूचड़खाने

जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया ने कहा कहा कि मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा बूचड़खाने भाजपा सरकार में खुले। गौ माता का नाम लेकर राजनीति करते हैं, लेकिन संरक्षण शून्य। धर्म केवल दिखावा बन गया है। उन्होंने कहा कि गौ-मांस को टैक्स-फ्री करना भाजपा सरकार की दोहरी नीति को दर्शाता है।

## न्यूज कार्नर

### छात्र नईम खान का हुआ लोको पायलट पद पर चयन



**पचोर।** भारतीय रेलवे में प्रथम लहराया स्थानीय संस्था लिटिल एंजेल्स पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल पचोर के भूतपूर्व छात्र नईम खान पिता शाकिर खान 12 वीं कॉमर्स सत्र 2019 में अध्यनरत का भारतीय रेलवे में लोको पायलट के पद पर चयन हुआ है। छात्र की इस उपलब्धि पर संस्था संरक्षक बृजभूषण मंगल एवं अध्यक्ष दिलीप सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष मधु अरविंद चौधरी, सचिव श्वेता मनोज वैष्णव, कोषाध्यक्ष आरती हेमंत गर्ग, प्रचार विष्णु प्रसाद राठौर एवं समस्त स्टाफ के द्वारा छात्र को शुभकामनाएं वह उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### श्री खेड़ापति हनुमान अष्टमी महोत्सव आज

**सारंगपुर।** भक्ति, वैदिक तेज और आध्यात्मिक उल्लास का अनुपम संगम बनने जा रहा है सारंगपुर का प्राचीन सिद्धस्थल श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर, जहां आगामी 12 दिसम्बर शुक्रवार को दिव्य हनुमान अष्टमी महोत्सव भव्य आध्यात्मिक गरिमा के साथ मनाया जाएगा। मंदिर परिसर में अलौकिक आस्था का वातावरण साकार हो उठा है और भक्तगणों के हृदय में उत्साह की तरंगें अविरल उठ रही हैं। मंगल प्रभात में आयोजित होने वाले नित्य पूजन-अर्चन को पं. पवन बृज जगदीश पारीक शास्त्रीय परंपरा, वैदिक मंत्रोच्चार और आगमिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराएंगे। मंत्र-ध्वनि, धूप-दीप और पुष्प-जल की पवित्र सुगंध से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सघन हो उठेगा। प्रातः 11.30 बजे ध्वज पूजन एवं विधिवत ध्वजारोहण का शुभारंभ होगा। शास्त्र वचनश्चारो युग प्रताप तुम्हारा अर्थात् हनुमान ध्वजा का आरोहण चारों दिशाओं तथा चारों युगों तक यश, कीर्ति और कल्याण की वृद्धि का पथ प्रशस्त करता है। जयकारों की गूँज मंदिर वातावरण को दिव्य ऊर्जा से भर देगी। प्रातः 11:45 बजे अभिजीत मुहूर्त में श्रीखेड़ापति सरकार के श्रीविग्रह का नाना तीर्थों के जल, गंगा-जल, पंचामृत, औषधीय द्रव्यों से अमृताभिषेक किया जाएगा।

### ओलंपियाड प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



**ब्यावरा।** ब्लाक स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में सांदीपनी विद्यालय का शानदार प्रदर्शन रहा कक्षा 6 वीं से 8 वीं तक विषयवार प्रत्येक संकुल से दो-दो बच्चों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होना था संकुल के कुल 36 स्थानों में से 22 स्थानों के लिए सांदीपनी विद्यालय ब्यावरा का चयन हुआ है। विद्यालय की इस उपलब्धि पर संस्था की प्रधान अध्यापक सुनीति राजपूत, शिक्षक ओम प्रकाश शर्मा, नंद किशोर लववंशी रूद्र प्रताप सिंह परमार जेल सिंह एवम शिक्षिका रंजिता गोलानिया ने सभी चयनित छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### 3 गांव में सड़क नहीं पर सपनों को मिली मंजिल

# संघर्ष से सफलता तक : 20 घरों की बस्ती की बेटी ने बढ़ाया जिले का गौरव



**जागरण, राजगढ़**

जिले के जीरापुर ब्लॉक के दूरस्थ गांव हिम्मतगढ़ की बेटी डॉ. चंचल दांगी ने प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया है। महज 20 घरों की बस्ती वाले इस छोटे से गांव से निकलकर चंचल ने वह उपलब्धि हासिल की है जिसके लिए बड़े शहरों के छात्र भी वर्षों तक संघर्ष करते हैं। मंगलवार को भोपाल स्थित गांधी मेडिकल कॉलेज में आयोजित बैच 2019 के दीक्षांत समारोह में उन्हें एमबीबीएस की डिग्री प्रदान की गई। हिम्मतगढ़ आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित गांवों में से है यहाँ पक्की सड़क नहीं, परिवहन साधन सीमित हैं और बच्चों को पढ़ाई के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। ऐसे माहौल में एक ग्रामीण बेटी का मेडिकल शिक्षा तक पहुंचना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। यही कारण है कि चंचल की सफलता पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक बन गई है।

चंचल दांगी हिम्मतगढ़ निवासी प्रधान आरक्षक रायसिंह दांगी की पुत्री और गृहणी मां की बेटी हैं। 9 वीं कक्षा में जब पिता ने उनके लक्ष्य के बारे में पूछा तो चंचल ने स्पष्ट कहा कि डॉक्टर बनकर अपने जैसे गांवों की सेवा करना है। यही संकल्प आगे उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा बना। पहले प्रयास में चंचल का चयन एक निजी मेडिकल कॉलेज में हुआ था, लेकिन फीस अधिक होने के कारण प्रवेश नहीं ले सकीं। इसके बाद उन्होंने एक वर्ष और मेहनत की और अगले प्रयास में मध्यप्रदेश के प्रतिष्ठित गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल में प्रवेश प्राप्त कर लिया। यहीं से उन्होंने अपनी एमबीबीएस शिक्षा पूरी की और दीक्षांत समारोह में सम्मानित हुई। चंचल का सफर आसान नहीं था। गांव में आज भी पक्के मार्ग का अभाव है और बरसात में गांव तक पहुँचना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। पढ़ाई और कोचिंग के लिए रोजाना कठिन यात्रा करनी पड़ती थी। बावजूद इसके उन्होंने निरंतर परिश्रम और आत्म-अनुशासन से यह सफलता हासिल की। चंचल के छोटे भाई हरिनारायण दांगी भी भोपाल में मेडिकल पढ़ रहे हैं, जिससे गांव के युवाओं में शिक्षा के प्रति नई प्रेरणा मिली है। वर्तमान में डॉ. चंचल दांगी जीरापुर सिविल अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर के रूप में पदस्थ हैं। वह अपने गांव और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समर्पित हैं।

### घर के बाहर रखा ट्रैक्टर चोरी, मामला दर्ज

**सुठालिया।** नगर के थाना अंतर्गत आने वाले गांव नापानेरा में बीती मंगलवार बुधवार के दरमियान रात घर के बाहर रखा ट्रैक्टर चोरी होने का मामला सामने आया है पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अनिल रहोरिया ने बताया की ग्राम नापानेरा में फरियादी राजेश पिता कन्हैयालाल सुमन उम्र 27 साल के घर के बाहर ट्रैक्टर महिंद्रा युगों रखा हुआ था जिसे मंगलवार बुधवार की दरमियां रात को कोई अज्ञात चोर चुरा लें गया बुधवार को पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर ट्रैक्टर को खोजना शुरू कर दिया है।



# मिशन रेडियमः सड़क सुरक्षा की चमक, प्रशासन और उद्योग जगत का संयुक्त संकल्प

**जागरण, राजगढ़**

कलेक्टेर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने मिशन रेडियम के अंतर्गत पीलूखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की। उद्योगपतियों के सहयोग से ट्रक एवं ट्रॉलियों के पीछे रेडियम बेल्ट लगाने का अभियान शुरू किया गया। अधिकारियों ने स्वयं वाहनों पर रेडियम बेल्ट लगाकर स्पष्ट संदेश दिया कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करना प्रशासन, उद्योग जगत और समाज तीनों की साझा जिम्मेदारी है। भारी वाहनों पर रेडियम की कमी के कारण रात में उनका स्पष्ट रूप से न दिखना दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनता है। इस समस्या के समाधान हेतु यह कदम अत्यंत प्रभावी सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान न सिर्फ औद्योगिक क्षेत्र में आने-जाने वाले वाहनों की दृश्यता बढ़ाएगा, बल्कि सड़क पर यात्रा करने वाले आम लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा। जिला प्रशासन, पुलिस विभाग तथा उद्योग जगत के बीच इस समन्वित प्रयास से सड़क सुरक्षा को एक नई दिशा मिलेगी। अंत में संदेश दिया गया कि श्रेडियम लगाएँ, हादसे घटाएँ, सड़क पर हर जीवन सुरक्षित बनाएँ।

### कॉलेज की भूमि से हटाया अतिक्रमण



**राजगढ़।** शासकीय महाविद्यालय सुठालिया द्वारा शासकीय महाविद्यालय के भवन हेतु आवटिंत भूमि पर राजस्व कोटवार द्वारा किये गये अवैध कब्जा हटाने हेतु पत्र प्रस्तुत किया गया था। जिस पर मदनलाल पिता मानसिंह द्वारा 0.025 हैक्ट. भूमि पर कुआ पक्का 01 व अर्द्धपक्का मकान का निर्माण कर अवैध कब्जा कर लिया था। जिस पर अतिक्रामक को कारण बताओ नोटिस दिया था जिसका जबाब नहीं मिलने पर प्रकरण में बेदखली आदेश पारित किया गया। साथ ही गुरूवार को राजस्व, नगर पालिका तथा पुलिस बल द्वारा सयुंक्त रूप से मौके पर अतिक्रमण हटाया गया।

# खूबसूरत नजारा रहा है, साथ जब-जब तुम्हारा रहा है : कवि कन्हैया

### अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन आयोजित, देर रात तक भावविभोर हुए श्रोता

**जागरण, ब्यावरा**

बीती रात्रि को कलमकार परिषद की स्थानीय शाखा के तत्वावधान में नगर के सुभाष चौक में 'अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन' आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित श्रोतागण देर रात्रि तक हास्य, व्यंग्य, ओज, श्रंगार की सरिता में अवगाहन करते रहे। कवि सम्मेलन में मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात इंदौर से पधारी कवयित्री शीतल देवयानी ने अपने सुमधुर स्वरों में सरस्वती वंदना की। तत्पश्चात मालवी कवि राजेंद्र जैन (कनासिया) ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया, कवि सम्मेलन के सूत्रधार कवि डालचंद मनमौजी ने अपनी हास्य रचनाओं से श्रोताओं को हंसा हंसाकर लौटपोट कर दिया। अपनी अनूठी हास्य व्यंग्य शैली में कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे सुप्रसिद्ध मंच संचालक पंडित अशोक नागर (शाजापुर) ने एक घंटे तक धाराप्रवाह काव्य पाठ किया उन्होंने अपनी हाजिरजवाबी, त्वरित टिप्पणीयों ने पूरे समय श्रोताओं को बांधे रखा। नगर के श्रंगारिक गीतकार कन्हैया (राज) ने अपनी गजल खूबसूरत नजारा रहा है साथ जब-जब तुम्हारा रहा है




दूर जबसे हुए हो तभी से नीर आंखों में खारा रहा है सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। उज्जैन से पधारे ओजस्वी कवि कवि दिनेश अनल ने अपनी ओजपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं में खूब जोश भरा। कांटाफोड़ से पधारे गीतकार मनोज दुबे ने अपने गीत बहुत याद आती है पापा तुम्हारी सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। शुजालपुर से पधारे मालवी कवि मनोहर मसखरा ने श्रोताओं को खूब हंसाया कालापीपल से पधारी कवयित्री प्रियांशी पाटीदार ने अपनी श्रंगारिक रचनाओं से समां बाँधा। बरखेड़ा के कवि गोपाल दुस्तर ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं पर अनूठी छाप छोड़ी। खाचरोद के कवि सचिन निडर व आयोजक राजेंद्र खत्री साहिल ने भी उम्दा काव्य पाठ कर कवि सम्मेलन को ऊंचाईयों पर पहुंचाया। कड़कती सर्द रात्रि में भी देर रात्रि तक चले कवि सम्मेलन के अंत कवि राजेंद्र खत्री साहिल ने आभार प्रदर्शन किया।

### पेयजल समस्या को लेकर सीएमओ को सौंपा पत्र

**सुठालिया।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 में नगर परिषद द्वारा किए जाने वाले पेयजल सप्लाई में आ रही समस्याओं को लेकर बुधवार को को पूर्व नप उपाध्यक्ष श्याम पालीवाल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी रईस खान को एक पत्र सौंपकर वार्डवासियों की समस्याओं को हल करने की बात कही है। इस दौरान उन्होंने सीएमओ को दिए पत्र में लिखा है कि वार्ड निवासियों ने मुझे बताया कि वार्ड में नप द्वारा किए जा रहे हैं पेयजल सप्लाई में कभी नल आते है तो कभी समय पर नल नहीं आते है कभी प्रेशर नहीं आता इसके चलते हैं वार्ड वासी पेयजल समस्या से दो-चार हो रहे हैं उन्होंने समस्या को शीघ्र हल करने की बात कही है।

### बीएमओ बोले : 100 बिस्तरों वाले अस्पताल को 150 का करने का प्रस्तावित, बढ़ा रहे हैं सुविधा

# पेंशनर्स पदाधिकारियों ने की अस्पताल में सुविधा के लिए चर्चा

**जागरण, सारंगपुर**



लंबे इंतजार एवं प्रयास बाद पुरानी जीर्ण शीर्ण अस्पताल बिल्डिंग हटने से अब नवीन विशाल हॉस्पिटल भवन की भव्यता दृष्टिगोचर होने लगी है। यह अस्पताल वर्तमान में 100 बिस्तरों युक्त है जिसे अब 150 बिस्तर का होना प्रस्तावित है। यह जानकारी मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय सचिव एवं शाखा अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिकार, शाखा सचिव नंदकिशोर सोनी से चर्चा करते हुए ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर मनीष चौहान दी। उन्होंने यह भी बताया अस्पताल परिसर के रिक्त होते ही अब व्यवस्थित पार्किंग, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था होगी और परिसर को सुंदर गार्डन से सुसज्जित किया जाएगा। टीन शेड, रोगियों एवं उनके परिजन हेतु दीनदयाल रसोई योजना भी यहां संचालित की जाएगी। जिससे सस्ता भोजन उपलब्ध हो सकेगा। अस्पताल में स्टाफ एवं चिकित्सा विशेषज्ञ के अभाव चलते वर्तमान में दो चिकित्सक हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जय सिंह बघेल एवं जनरल सर्जन डॉक्टर अंकुश ने पदभार ग्रहण किया है, जिससे अब फ्रैक्चर जोडों के रोग, हर्निया, पथरी इत्यादि जैसे सीजर ऑपरेशन यही होने लगेंगे अन्यत्र कही नहीं जाना पड़ेगा। चर्चा के दौरान पेंशनर्स ने आरोग्य भारती के आगामी क्रियाकलापों संबंधी भी चर्चा की। बीएमओं डॉ. मनीष चौहान से पेंशनर्स ने मांग करते हुए कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में एक पुलिस चौकी की अत्यंत आवश्यकता है क्योंकि आए दिन चोरी एवं असामाजिक तत्वों द्वारा स्टाफ के साथ झगड़ा करना, धमकाना आम बात है। पेंशनर्स अध्यक्ष श्री त्रिकार के चर्चा दौरान बीएमओ डॉ. चौहान ने यह भी बताया आधुनिक ओटी, डायलिसिस मशीन भी शीघ्र उपलब्ध होगी जिससे रोगियों को काफी राहत मिलेगी। ट्रामा यूनिट स्वीकृति संबंधी जानकारी देते बीएमओ ने स्पष्ट किया ट्रामा सेंटर एक विशेष सुविधा है जो गंभीर जानलेवा चोटे, गंभीर दुर्घटना जलना, गोली लगना आदि के तत्काल इलाज के लिए बनाई जाती है जहां 24 घंटे प्रशिक्षित डॉक्टर सर्जन, न्यूरो सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नर्सों, तुरंत उपलब्ध डायग्नोस्टिक उपकरण, सीटी स्कैन, एक्स-रे लैब और ऑपरेशन थिएटर के साथ आपातकालीन टीम होती है ताकि मरीज की जान बचाई जा सके। ये सामान्य अस्पतालों से अलग होते हैं। इनका मुख्य उद्देश्य गंभीर रूप से घायल मरीजों की मृत्यु दर और स्थायी विकलांगता को कम करना है। पेंशनर संघ पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि नगर विकास संबंधी ज्वलंत समस्या को लेकर वे जब-जब भी जनप्रतिनिधि क्षेत्रीय विधायक एवं राज्य मंत्री गौतम टेटवाल से चर्चा करते है, वे गंभीरता से सुनते हैं उनका सार्थक हल भी निकलता है। पेंशनरों ने बताया कि मंत्री जी का कहना है नगर एवं क्षेत्र विकास मेरी प्राथमिक जिम्मेदारी है। जनहित में किए जाने वाले कार्यों की सराहना पेंशनर्स पदाधिकारियों ने की है साथ ही इनके शीघ्र होने की उम्मीद भी जताई है।

# किसान के खोए 50 हजार रुपए लौटा कर व्यापारी ने दिखाई ईमानदारी

**जागरण, नरसिंहगढ़**



कृषि उपज मंडी में बुधवार को एक अनोखा वाक्या सामने आया जो ईमानदारी और मानवीय संवेदनाओं की मिसाल बन गया। कुरावर क्षेत्र का एक किसान अपनी गेहूं की फसल श्री गोवर्धन नाथ ट्रेडर्स पर बेचने आया था। लेन-देन के दौरान उसने गलती से अपने 50,000 पचास हजार रुपये गेहूं के बोरे में रखकर भूल गया और वही गेहूं की फसल बाद में मंडी में बेच दी। घर पहुंचने पर जब किसान को पैसों की जरूरत पड़ी तब उसे याद आया कि राशि गेहूं के बोरे में ही रह गई है। घबराए किसान ने तुरंत गोवर्धन नाथ फार्म के संचालक राजेश नामदेव और धर्मेंद्र नामदेव से संपर्क किया। व्यापारी ने मामले की गंभीरता को समझते हुए अपने मुनीम मनीष नागर और हम्मालों को जानकारी दी तथा गेहूं के ढेर की दोबारा रात में ही जांच करवाई।

जांच के दौरान 50 हजार रुपये की पूरी राशि सुरक्षित अवस्था में मिल गई। बाद में व्यापारी संघ के अध्यक्ष और मंडी कर्मचारियों की मौजूदगी में किसान को उसकी राशि सुपुर्द कर दी गई। इस ईमानदारी और तत्परता की मंडी परिसर में मौजूद सभी व्यापारियों हम्मालों और किसानों द्वारा सराहना की गई। इससे साफ प्रतीत होता है कि ईमानदार व्यक्तियों की आज भी कमी नहीं है जो मंडी व्यापारी राजेश नामदेव से प्रेरणा ले सकते हैं।

## न्यूज कार्नर

### मरीजों को फल वितरित किए गए



**जागरण खाचरोद।** नागदा खाचरोद क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक दिलीप सिंह गुर्जर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर वार्ड नंबर 21 की पार्षद श्रीमती रजनी लखन गौहर ने सिविल हॉस्पिटल में मरीजों को फल फरूट वितरित कर क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पार्षद रजनी लखन गौहर, लखन गौहर, राहुल परमार, विजय सिलोटिया, अब्दुल सत्तार, परवेज खान आदि उपस्थित थे।

### प्राध्यापकों ने विद्यालयों में किया संपर्क

**जागरण उज्जैन।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन में चलाए जा रहे कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत प्राध्यापकों ने शहर के विभिन्न विद्यालयो में संपर्क कर महाविद्यालय में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय, उज्जैन की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता के निर्देशन में गठित दल विभिन्न विद्यालयों में संपर्क कर महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों तथा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई नई शिक्षा नीति की विशेषताओं से परिचित करवाते हुए मेजर, माइनर, एम.डी.सी. आदि विषयों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि- छात्राएँ महाविद्यालय में उच्च अध्ययन कर के परिवार, नगर, प्रदेश एवं राष्ट्र के विकास में प्रमुख योगदान दे सकती हैं। इसके साथ ही महाविद्यालय में संचालित विभिन्न संकायों तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया से परिचय करवाते हुए संबंधित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का समाधान किया गया।

# ठंड ने फिर तोड़ा रिकॉर्ड, उज्जैन में दूसरे दिन भी तापमान 8.2 डिग्री पर

### कल की रात रही इस सीजन के दिसंबर की सबसे ठंडी रात



**एक नजर सप्ताह के तापमान पर**

| दिनांक | न्यूनतम | अधिकतम | |
|---|---|---|---|
| 5 दिसंबर 2025 | | 11.7 | 26.5 |
| 6 दिसंबर 2025 | | 10.0 | 27.0 |
| 7 दिसंबर 2025 | | 11.0 | 28.5 |
| 8 दिसंबर 2025 | | 9.0 | 28.2 |
| 9 दिसंबर 2025 | | 9.5 | 29.0 |
| 10 दिसंबर 2025 | 8.7 | 29.5 | |
| 11 दिसंबर 2025 | 8.2 | --- | |

(जानकारी वेधशाला के मुताबिक, तापमान डिग्री सेल्सियस में)

**जागरण उज्जैन।** शहर में इस साल दिसंबर माह में ठंड ने नए रिकॉर्ड बनाना शुरु कर दिया है। कल रात से आज सुबह के बीच पारा गिरकर 8.2 डिग्री पर पहुंच गया। इसके एक दिन पहले भी न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री दर्ज हुआ था। बीती रात दिसंबर की सबसे ठंडी रात साबित हुई। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिन तापमान में खास बढ़त की कोई उम्मीद नहीं है।

वेधशाला अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त ने बताया कि कल बुधवार को दिन का अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक, लेकिन परसों की अपेक्षा 0.2 डिग्री ज्यादा था, वहीं रात का न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4 डिग्री और परसों रात की अपेक्षा 0.5 डिग्री कम था। इस दौरान हवाओं की दिशा पूर्वी और उत्तर-पूर्वी रही। हवाओं की अधिकतम रफ्तार 12 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंची। श्री गुप्त के अनुसार यह इस साल के दिसंबर महीने का सबसे कम तापमान है। खास बात यह भी है कि इस साल दिसंबर में दो दिनों में तापमान 9 डिग्री के नीचे आ चुका है। तापमान में जिस तरह लगातार गिरावट जारी है, इसे देखते हुए संभावना है कि जल्द और नए रिकॉर्ड बनेंगे। इधर दिन और रात के तापमान में 21 डिग्री का अंतर बना हुआ है। सुबह और शाम कड़ाके की सर्दी होने से मार्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों की संख्या कम हो गई है।

### 16 घंटे में करीब 21 डिग्री गिरा पारा

मौसम विभाग के अनुसार इस बार दिन और रात के तापमान में भारी अंतर देखने को मिल रहा है। कल दिन में दोपहर करीब 2.30 बजे जहां अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री पर था, वहीं आज सुबह करीब 6.30 बजे न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री के रूप में दर्ज किया गया। यानी 16 घंटे में ही तापमान में करीब 21 डिग्री की गिरावट आई। एक और खास बात यह भी है कि सुबह ये 6.57 बजे सूर्योदय हुआ और तापमान बढ़ना शुरू हुआ। सुबह 8ः30 बजे तापमान बढ़कर 14.4 डिग्री पर पहुंच गया। यानी दो ही घंटे में तापमान में 9 डिग्री की बढ़ोतरी हो गई।

### सूरज ढलते ही ठिठुरन पैदा कर रहीं बर्फीली हवाएं

शहर में ठंड का सबसे ज्यादा असर शाम से सुबह के बीच महसूस हो रहा है। सूरज ढलते ही उत्तर भारत की ओर से आ रही बर्फीली हवाएं मौसम में ठंडक घोलते हुए ठिठुरन पैदा कर रही है, वहीं सुबह सूरज चढने् के साथ ही तापमान तेजी से बढ़ रहा है और दोपहर में तेज धूप के कारण ठंड से राहत मिल रही है। 24 घंटे के बीच ही तापमान में इस बड़ी उठापटक के कारण लोगों को रिकॉर्ड तोड़ ठंड का एहसास भी कम हो रहा है, क्योंकि दिन अब भी सामान्य बने हुए हैं।

# लंबी सजा काट रहे कैदियों में लगातार बढ़ रहा मानसिक रोग

### 70 से अधिक कैदी डिप्रेशन के शिकार, कई में पागलपन के भी लक्षण

**जागरण उज्जैन।** जेल प्रशासन और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार भैरवगढ़ जेल में बंद 70 से अधिक कैदी मानसिक बीमारियों का शिकार हो चुके हैं। इनमें से कुछ तो पागलपन की स्थिति तक पहुंच गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि जेल की लंबी सजा और बंदी जीवन का मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालता है।

भैरवगढ़ जेल जो कि दो हजार से अधिक कैदियों से भरी हुई है, में मानसिक बीमारियों की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। 70 से अधिक कैदी डिप्रेशन से जूझ रहे हैं, जबकि 8 से 10 कैदी पागलपन की स्थिति में हैं। इस बात का खुलासा जेल में किए गए मानसिक स्वास्थ्य कैंप में हुआ, जिसमें डॉक्टरों ने यह बताया कि लंबे समय तक बंदी जीवन जीने वाले कैदी मानसिक रोगों से जूझ रहे हैं। चरक अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों के अनुसार डिप्रेशन के कारण कैदियों का मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है, और कई बार यह मानसिक रोगों के रूप में विकसित हो जाता है। चिकित्सकों ने कहा कि इन बीमारियों का इलाज जेल के अंदर ही किया जा रहा है, जिसमें काउंसलिंग, मेडिटेशन, और योग जैसी विधियों का सहारा लिया जा रहा है।

### जेल की दीवारें बढ़ा रही हैं तनाव

भैरवगढ़ जेल की बढ़ी हुई दीवारों और लंबे समय की सजा ने तनाव को और बढ़ा दिया है। कैदियों की मानसिक स्थिति में निरंतर गिरावट देखी जा रही है, जिससे न केवल उनका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि जेल प्रशासन को भी इस स्थिति से निपटने में कठिनाई हो रही है। जेल प्रशासन ने गंभीर मानसिक स्थिति वाले कैदियों को अन्य कैदियों से अलग रखने की व्यवस्था की है ताकि किसी प्रकार का असुरक्षा का खतरा न बने।

# सिंहस्थ 2028 से पहले सुधरेगी फायर ब्रिगेड संसाधनों की व्यवस्था

### निगम खरीदेगा ऊंची इमारतों में आग बुझाने वाली मशीनें



**जागरण उज्जैन।** नगर निगम शहर में अग्निशमन सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए फायर ब्रिगेड के संसाधनों को बढ़ाएगा। वर्तमान में, निगम के पास संसाधनों और स्थायी कर्मचारियों की कमी है, जिसे दूर करने के लिए कई पहल की जा रही हैं।

अपरायुक्त पवन कुमार सिंह ने बताया कि नगर निगम 70 मीटर तक की ऊंची इमारतों में आग बुझाने में सक्षम होगा। इसके लिए 25 करोड़ रुपए की आधुनिक फायर फाइटिंग मशीन (हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म) खरीदने की योजना बन रही है। इस प्रकार के उपकरण केवल फिनलैंड की ब्रांटो कंपनी बनाती है। शहर में कुल छह नए फायर स्टेशन बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा, राज्य सरकार की 400 करोड़ रुपए की योजना के तहत उज्जैन सहित आठ नगर निगमों और 24 जिला मुख्यालयों में नए फायर स्टेशन बनाए जाएंगे। मौजूदा बेड़े में वाहनों की कमी और कई गाडियों के खराब होने की समस्या को स्वीकार किया गया है।

सिंहस्थ 2028 महाआयोजन को ध्यान में रखते हुए, राज्य शासन से पत्राचार कर पर्याप्त संख्या में फायर मोटरसाइकिल और फोम-आधारित वाहनों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में फायर विभाग दैनिक वेतन भोगी और आउटसोर्स कर्मचारियों के भरोसे चल रहा है, जिसे स्थायी और अनुभवी कर्मचारियों की भर्ती करके सुधारा जाएगा। मध्य प्रदेश सरकार ने फायर सर्विस को आधुनिक बनाने के लिए 400 करोड़ रुपए का एक्शन प्लान तैयार किया है, जिसके तहत उज्जैन में भी सुधार कार्य होंगे। ये सभी कदम उज्जैन में आगजनी की घटनाओं से बेहतर ढंग से निपटने और भविष्य के बड़े आयोजनों, जैसे सिंहस्थ 2028 के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे हैं।

## मिशन नारी सशक्तिकरण: कलेक्टर की अध्यक्षता में 24 सदस्यीय जिला समिति गठित



**जागरण उज्जैन।** जिले में बेटियों और महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु उनकी उन्नति में चुनौतियों और बाधाओं के समाधान तथा समग्र सशक्तिकरण के लिए कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिप की सदस्यता में 24सदस्यीय जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

नारी सशक्तिकरण मिशन के नोडल विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्टर महोदय द्वारा जारी गठन आदेश में पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिप के अलावा जिला कार्यक्रम अधिकारी मवावि, जिला शिक्षा अधिकारी , मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी , जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण,जिला श्रम अधिकारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी,जिला खेल युवक कल्याण अधिकारी, उप संचालक कृषि, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय,जिलामहाप्रबंधक उद्योग, उप संचालक पशु चिकित्सा, उपायुक्त सहकारिता, जिला पर्यटन अधिकारी,प्राचार्य आईटीआई, सहायक संचालक मत्स्य, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण,परियोजना अधिकारी नगरीय विकास प्राधिकरण, प्रभारी अधिकारी कुटीर ग्रामोद्योग, जिला आपूर्ति अधिकारी,प्राचार्य राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय सम्मिलित किए गए हैं।

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला स्तरीय समिति जिले में नारी सशक्तिकरण हेतु जिले के एक्शन प्लान तैयार करने तथा उस पर चरण बद्ध क्रियान्वयन हेतु समय समय पर बैठकों का आयोजन करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का वेतन रोके जाने पर विरोध

जागरण उज्जैन। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश जिला इकाई उज्जैन ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के बाहर वेतन भुगतान रोके जाने के विरोध में प्रदर्शन किया और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला अध्यक्ष अश्विन पंड्या ने बताया कि माह नवंबर-2025 तक कई संविदा कर्मचारियों का वेतन आहरित नहीं हुआ है। कर्मचारियों का आरोप है कि विभाग द्वारा सार्थक ऐप पर उपस्थिति दर्ज न होने का हवाला देकर वेतन रोक दिया गया है, जबकि निर्देशों के अनुसार नियमित, संविदा, आउटसोर्स सभी कर्मचारियों को इस ऐप से उपस्थिति दर्ज करनी अनिवार्य है।

## हनुमान अष्टमी की पूर्व संध्या पर भक्तिमय वाहन रैली में उमड़े श्रद्धालु, आज निकलेगी प्रभात फेरी



**जागरण महिदपुर।** हनुमान अष्टमी के पावन अवसर पर नगर के मध्य चौक बाजार स्थित नगर सेठ श्री रणजीत हनुमान मंदिर से गुरुवार शाम भव्य वाहन रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में हनुमान भक्त शामिल हुए, जो केसरिया ध्वज लहराते हुए जयकारों के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। पूरे नगर में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा।

रात्रि में सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लिया। शुक्रवार को श्री रणजीत हनुमान आकर्षक रथ में विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगे। इस विशेष नगर भ्रमण के लिए सगवान की लकड़ी से भव्य रथ और पालकी तैयार की गई है, जिसे कारीगर हुकमीचंद पांचाल द्वारा बनाया गया है।

शुक्रवार सुबह 7 बजे प्रभात फेरी एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके बाद महाआरती के उपरांत दोपहर 2 बजे से विशाल भंडारे का शुभारंभ होगा।

भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की जाएगी। भोजन प्रसादी की तैयारी पिछले तीन दिनों से हलवाई राजेंद्र, पवन, पिंटू, अनिल पंड्या सहित 200 कारीगरों की टीम द्वारा निरंतर की जा रही है।

नगर सेठ श्री रणजीत हनुमान मंदिर भक्त मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन का लाभ लेने की अपील की है।

## 2028 तक का रोडमेप तैयार किसानों को रखेंगे मालामाल

**जागरण उज्जैन।** मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव की सरकार ने फैसला कर लिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन पर आगामी 2028 तक जी-जान लगाकर मध्यप्रदेश को देश के सभी अग्रणी राज्यों में सबसे अव्वल नम्बर पर लाकर खड़ा करेंगे। खजुराहों में आज होने वाली जम्बोजेड कैबिनेट में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के दो वर्षों के कार्यकाल को बेमिसाल बताये जाने के सभी कारकों को सिलसिलेवार प्रस्तुत किया जायेगा। जनसंपर्क आयुक्त दीपक सक्सेना के सूत्रों का दावा है कि मुख्यमंत्री ने फैसला किया है कि प्रदेश में चाहें कितनी भी विषम परिस्थितियां हों किसानों को निराश नहीं किया जायेगा। भावांतर में किसानों को दी गयी राशि इसका जीता जागता उदाहरण है। कृषि उपज मंडी बोर्ड के आयुक्त कुमार पुरूषोत्तम के अनुसार भावंतर योजना से मध्यप्रदेश के लाखों किसान लाभांवित हुये हैं। मध्यप्रदेश की ट्रेजरी को कोई नुकसान भी नहीं हुआ है। इसीलिये यह लिखे जाने में संकोच नहीं है कि खजुराहो कैबिनेट में मुख्यमंत्री किसानों को मालामाल रखने के लिये कोई और बड़ा फैसला ले सकते हैं। सूत्रों का दावा है कि मुख्यमंत्री सचिवालय तथा मुख्यसचिव सचिवालय दोनों मिलकर उज्जैन में होने वाले 2028 के सिंहस्थ को विश्व का सबसे बड़ा उत्सव मनाने का फैसला करेंगे।

## संकुल स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक कनासिया में सम्पन्न



**जागरण तराना।** ग्राम भारती जिला कार्यालय कनासिया जिला उज्जैन स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आज संयुक्त संकुल स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक का आयोजन माँ सरस्वती मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राजपालसिंह पंवार (उज्जैन जिला प्रमुख) अर्जुन मंडलोई (तहसील प्रमुख) उपस्थित रहे। तथा सभी प्रधानाचार्य बंधुओं की गरिमामय उपस्थिति में बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथिगण द्वारा प्रमुख विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया जिसमें गत माह के आयङ्क्व्यय पत्रक की समीक्षा संयोजक मंडल पूर्ण गठन की योजना अष्टमासी लेखाबंधी की विस्तृत रूपरेखा पर विशेष चर्चाएं की गई। बैठक पश्चात जिला प्रमुख ने प्रधानाचार्य एवं समिति के कार्यों की सराहना की। बैठक में कनासिया शिशु मंदिर संयोजक मोहनलाल पटेल, सुमित कलमोदिया माखन विनोद यादव जुगलकिशोर आदि उपस्थित थे आभार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कनासिया के प्रधानाचार्य लाडसिंह गुर्जर ने माना जानकारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर करंज के प्रधानाचार्य शिवनारायण गुर्जर ने दी।

## कार्यक्रम अधिकारी ने पर्यवेक्षक पद पर चयनित कार्यकर्ता का समीक्षा बैठक में किया सम्मान

### घटिया में हुई सभी कार्यकर्ताओं की समीक्षा, बैठक में दिए निर्देश



**जागरण उज्जैन।** जिले को कुपोषण मुक्त करने के संकल्प के तहत पोषण पुनर्वास केंद्र में शत प्रतिशत भर्ती करने एवं पोषण ट्रैकर से चिन्हित सेम मेम श्रेणी बच्चों का फॉलोअप संपर्क में दर्ज कराकर सुधारात्मक श्रेणीकरण हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी ने जिले भर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संवाद सह उन्मुखीकरण की श्रृंखला के तहत घटिया परियोजना में सभी पर्यवेक्षकों के साथ कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हें सुधारात्मक निर्देश दिए।

बाल विकास परियोजना अधिकारी घटिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में श्री त्रिपाठी ने लक्षित प्रगति के अनुसार ही वेतनवृद्धि प्रोत्साहन राशि की पात्रता के बारे में सभी को सचेत करते हुए एनआरसी में पात्र बच्चों को तत्काल भर्ती कराने के लिये आशा कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग समन्वय से सभी सेम को नॉर्मल में लाने हेतु आवश्यक समझाइश भी दी।

बैठक में पोषण ट्रैकर में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति प्रति दिन दर्ज करने, आबादी के मान से सभी 6 वर्ष तक के बच्चों गर्भवती धात्री महिलाओं को दर्ज करने के लिए निर्देशित करते हुए सभी को कवरेज देने के लिए आदेशित किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री त्रिपाठी ने आंगनबाड़ी की सभी सेवाओं के द्वारा सुपोषण अभियान और कलेक्टर महोदय के नवाचार प्रोजेक्ट संवर्धन को सफल बनाने के लिए भी प्रश्नोत्तरी के द्वारा सभी का उन्मुखीकरण भी किया। इस अवसर पर घटिया परियोजना की दो कार्यकर्ताओं द्वारा राज्य स्तरीय चयन परीक्षा उत्तीर्ण कर मेरिट में पर्यवेक्षक पद पर चयनित होने पर उनकी सराहना की गई तथा उन्हें सम्मानित भी किया गया।

## भागवत कथा चित्त को निर्मल व आवागमन के बंधनों से मुक्त करती है : संत प्रशांत



**जागरण महिदपुर ।** भागवत कथा हर युग में प्रासंगिक होकर मानव जीवन का दिशा दर्शन करती है यह आवागमन के बंधनों से मुक्त करने का सहज माध्यम है, कथा का श्रवण व मनन सांसारिक व्याधियों से मुक्त कर देते हैं।

उक्त उद्गार वृंदावन धाम उजड़ खेड़ा उज्जैन के भागवत कथाकार संत प्रशांत जी महाराज ने खेडाखजूरिया मार्ग स्थित बाल हनुमान मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित भागवत कथा की पुर्णाहुति कार्यक्रम में व्यक्त किए। आयोजन में उपस्थित हुए विधायक दिनेश जैन बोस ने कहा कि संतों का सानिध्य सौभाग्य से मिलता है ग्रामीणों की मांग पर विधायक बोस ने मंदिर परिसर में डोम निर्माण की स्वीकृति दी।

कार्यक्रम को ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भरत शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री अनन्त शर्मा, विशाल सिंह, निर्मल सिंह, राजेन्द्र हेड़ा व आरिफ तंवर ने भी संबोधित किया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण मौजूद थे। अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के मोहनलाल परमार, सुनील पंवार, नारायण जी पंवार बालूसिंह परमार, अंबाराम यादव कमल सौलंकी, जीतेन्द्र पंवार, विनोद भीलवाड़ा, मेहरबान यादव, विशाल यादव आदि ने किया।

# वर्षों से जमा लिगेसी वेस्ट का बायो माइनिंग प्रक्रिया के तहत किया जा रहा है निष्पादन



**जागरण उज्जैन।** एमआर 5 स्थित ट्रांसफर स्टेशन पर विगत 10 वर्षों से अधिक समय के लिगेसी वेस्ट (पुराने कचरे) के पहाड़ों का निष्पादन बायो माइनिंग प्रक्रिया के तहत किया जा रहा है गुरुवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी श्री सत्यनारायण चौहान द्वारा ट्रांसफर स्टेशन पर पहुंचकर नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि नगर निगम वर्तमान बोर्ड का जब चुनाव हुआ था तब कॉलोनीवासियों से वादा किया गया था कि इस संपूर्ण पुराने कचरे को समाप्त किया जाएगा जिसे आज पूरा किया गया है, ट्रांसफर स्टेशन पर पुराने कचरे का ढेर तब से था जब यहां पर कॉलोनी नहीं हुआ करती थी कॉलोनी का निर्माण बाद में हुआ, नगर निगम के अधिकारियों की मेहनत के परिणाम स्वरूप आज यहां पर वर्षों से जमे कचरे के ढेर को समाप्त किया गया शेष कचरे को भी एक माह के अंदर पूर्ण रूप से समाप्त किया जाएगा।

पुराने कचरे के निष्पादन हेतु बायो माइनिंग प्रक्रिया के तहत तीन चरणों में प्रोसेसिंग सतत रूप से जारी है जिसमें पहले चरण में मिट्टी को अलग किया जा रहा है दूसरे चरण में सीएंडडी वेस्ट को अलग किया जा रहा है इन दोनों का उपयोग प्लांट पर ही किया जाएगा जिसमें मिट्टी का उपयोग उद्यान के विकास के रूप में किया जाएगा एवं सीएंडडी वेस्ट से यहां स्थित प्लांट पर पेपर ब्लॉक बनाए जाएंगे साथ ही तृतीय चरण में आरडीएफ को अलग किया जा रहा है जिसे सीमेंट फैक्ट्री में ज्वलनशील पदार्थ के रूप में उपयोग किया जाएगा जिससे नगर निगम को आय भी प्राप्त होगी ।

महापौर की शहर के नागरिकों से अपील गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग दिया जाए महापौर मुकेश टटवाल द्वारा समस्त शहरवासियों से अपील की गई है कि उज्जैन शहर की जनता जिस प्रकार शहर की स्वच्छता को लेकर जागरूक है एवं सकारात्मक रहती है जिसके परिणाम स्वरुप हमारा उज्जैन सुपर स्वच्छता लीग में प्रथम स्थान पर आया है हमें यह स्थान निरंतर बनाए रखना है इसीलिए घर से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखते हुए गीला एवं सूखा कचरा घर के बाहर आने वाली कचरा गाड़ी में देवें ताकि भविष्य में इस प्रकार का लिगेसी वेस्ट (पुराना कचरा) ना तो निर्मित होगा ना ही रहवासियों को परेशानी होगी।

## ग्रेसिम द्वारा सेवाकाल के 25 वर्ष पूर्ण कर चुके श्रमिकों को दीर्घकालीन सेवा सम्मान




**जागरण नागदा।** कार्य करते हुए सेवाकाल के 25 वर्ष पूर्ण कर चुके ग्रेसिम के 31 श्रमिकों को स्थानीय ग्रेसिम खेल परिसर में सपत्नीक आमंत्रित कर संस्थान के इकाई प्रमुख शांतनु कुलकर्णी, श्रीमती पल्लवी कुलकर्णी, मानव संसाधन प्रबंधन प्रमुख सुधीर कुमार सिंह, श्रीमती सुमन सिंह ने सम्मान पत्र और चांदी के सिक्कों के प्रदान कर सम्मानित किया।

उक्त जानकारी देते हुए संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी कमल सेठी ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में आदित्य वंदना के साथ अतिथियों ने यूनियन पदाधिकारियों के साथ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अतिथियों का स्वागत सम्मानित होने वाले श्रमिकों और उनके परिजनों की तरफ से यूनियन के जोध सिंह राठौड़, जगमाल सिंह राठौड़, जागेश्वर शर्मा और हृदय चंद ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। इस मौके पर यूनिट हेड कुलकर्णी, यूनिट एच आर हेड सिंह के साथ चारों यूनियन पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए सम्मानित होने वाले सभी श्रमिक साथियों को बधाई दी। कार्यक्रम मानव संसाधन प्रबंधन महाप्रबंधक अंकुर पारीक के साथ यूनियन के अशोक गुर्जर, राजेन्द्र अवाना , बी एम एस चौहान, मदन लाल जाट विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्मिक विभाग के डॉ सुरेंद्र मीणा, रोहित कटोच, दीप्ति रघुवंशी, शीतल शर्मा, विजय मिश्रा , शिव कुमार दुबे, रजत गेहलोत आदि की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन सुश्री सिमाली सावरिया ने किया तथा आभार कार्मिक प्रबंधक सुश्री नबा सारंग ने व्यक्त किया।

CHANGE OF NAME

I, Akhilesh Gupta hereby declare that I have changed my name from Akhilesh Gupta to Aklesh Kumar Gupta. Henceforth, I shall be known as Aklesh Kumar Gupta for all official and future purposes.
THANKS AND REGARDS
**Aklesh Kumar Gupta**
**WARD NO 22**
**VILALA MILL K PUCHE**
**ASHOKNAGAR MP**

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील चन्देरी जिला अशोकनगर**

ईमेल- tehsildarchanderi@gmail.com, दूरभाष-07547-253303
प्रकरण क्रमांक-----//ब-154/2024-25 चन्देरी, दिनांक- 11/12/2025

**/ /प्रेस विज्ञप्ति/ /**

इस न्यायालय में आवेदक धर्मेन्द्र कुमार शांडिल्य पुत्र शीतल प्रसाद शांडिल्य निवासी ग्राम चन्देरी तहसील चन्देरी द्वारा अपने पिता श्री शीतल प्रसाद पिता/पति रामदास शांडिल्य की मृत्यु दिनांक 14/12/1993 को ग्राम चन्देरी में मृत्यु हो जाने का लेख कर लोक सेवा केन्द्र चन्देरी के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 22/12/2025 तक इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**( दिलीप दरोगा )**
**तहसीलदार**
**वृत्त 3 थूबोन तहसील चन्देरी**

# भूकम्प आपदा में बचाव कार्य के लिए किया अभ्यास

## एनडीआरएफ एवं जिला प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में किया मॉक ड्रिल



**जागरण अशोकनगर।**

11वीं वाहिनी एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में एनडीआरएफ लखनऊ टीम, अशोकनगर एसडीईआरएफ, फायर विभाग, पीण्डब्लूण्डी, जिला पुलिस स्वास्थ्य विभाग और रेडक्रास की टीमों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर अशोकनगर में गुरूवार को भूकंप आपदा पर संयुक्त मॉक अभ्यास किया गया।

यह मॉक अभ्यास किसी भी प्रकार की भूकंप व फायर आपदा होने पर खोज, राहत व बचाव कार्य हेतु किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य घायल व चोटिल व्यक्तियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना, सभी रेस्पॉंस एजेंसियों का रेस्पॉंस चेक करना व सभी स्टेक होल्डरस के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। इस मॉक अभ्यास द्वारा खोज, राहत व बचाव कार्य के संचालन में आने वाली कमियों की समीक्षा कर उन्हें दूर करना भी है। इस मॉक अभ्यास के प्रथम चरण में एनडीआरएफ अधिकारियों व जिला प्रशासन, एसडीईआरएफ, फायर विभाग, पीण्डब्लूण्डी, जिला पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, और रेडक्रास विभाग के अधिकारियों द्वारा बैठक कर इस मॉक अभ्यास की सम्पूर्ण रूपरेखा तैयार की गई। आपसी समन्वय से सकारात्मक पहल व सशक्त रिस्पोंस सिस्टम को विकसित करने से इस तरह की भूकंप जैसी आपदाओ में होने वाली दुर्घटनाओं से आसानी से निपटा जा सके और समय-समय पर इस तरह के मॉक अभ्यास द्वारा महत्वपूर्ण जीवन की रक्षा की जा सकेगी।

**ये रहे उपस्थितः** इस मॉक अभ्यास के दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह, अपर कलेक्टर डीएन सिंह, संयुक्त कलेक्टर आरबी सिन्डोस्कर एवं बृज बिहारी लाल श्रीवास्तव, एनडीआरएफ टीम कमांडर निरीक्षक राम सिंह और निरीक्षक अजय सिंह यादव सहित 30 सदस्यी टीम एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से 15 दिन में वसूला दस लाख से ज्यादा जुर्माना




**जागरण अशोकनगर।**

मुख्यालय भोपाल द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ता चालकों के विरूद्ध विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश जारी किए गए थे। इसके अनुपालन में जिले में 26 नवंबर से 11 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया गया था।

इस अभियान के तहत पुलिस ने पूरे जिले में पंद्रह दिनों में कार्यवाही करते हुये कुल 3,050 चालान काटकर 10 लाख 13 हजार 900 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। इस दौरान यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ता चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करने के अलावा उन्हें यातायात नियमों के संबंध में जागरूक किया गया।

उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, एसडीओपी चन्देरी शैलेन्द्र शर्मा एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी यातायात एवं जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों द्वारा की गई। अभियान के दौरान थाना यातायात द्वारा 1176 चालान काटकर कुल 3 लाख 93 हजार 900 रूपये एवं जिले के समस्त थानों द्वारा 1874 चालान काटकर कुल 6 लाख 20 हजार रूपये समन शुल्क वसूल किया गया।

# गंगा जल संवर्धन अभियानः नदी पर किया बोरी बंधान



**जागरण चंदेरी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड चंदेरी मुख्यमंत्री द्वारा चलाये जा रहे। गंगा जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिल समन्वयक बद्रीप्रसाद चौहान एवं विकास खण्ड समन्वयक के निर्देशन मे ग्राम देवलखो में छेबली नदी पर बोरी बंधान का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम मे विकासखण्ड समन्वय पटेरिया द्वार जल संरक्षण एवं जल के जीवन मे महत्व बताया एवं जल को संरक्षण का आहवान किया एवं नवांकुर संस्था के सचिव द्वारा जल संचय करने के लिए घर के आस पास सोखते गढ्डा का निर्माण करने एवं जल को व्यर्थ न फैलाएं इस का आह्वान किया। इस कार्यक्रम मे विकासखंड समन्वयक दीपक पटेरिया, नवांकुर संस्था विवेकानंद शिक्षा समिति के सचिव सौम्य पुष्प त्रिवेदी तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देवलखो के अध्यक्ष धर्मलाल लोधी एवं शिवेन्द्र यादव, मेंटर्स मनीषा सोनी एवं बीएसडब्ल्यू के छात्र अभयराज कोली अभिलाषा लोधी, मुस्कान लोधी, रामनिवास लोधी एवं अन्य ग्रामीण जन कार्यक्रम में उपस्थित रहे। एवं सभी ने बढ़-चढ़ के सहयोग किया।

# राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

**जागरण अशोकनगर।**

जिले की विधानसभा क्षेत्र अशोकनगर की अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शुभ्रता त्रिपाठी की अध्यक्षता में नगरपालिका परिषद अशोकनगर के सभाकक्ष में अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए,विधानसभा प्रभारियों तथा बीएलओ सुपरवाईजरों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारियों को ईआरओ, एईआरओ द्वारा वर्तमान में प्रचलित विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत विधानसभा की जानकारी दी। जिसमें कुल मतदाता 2,23,410 गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन 2,11,761 यूईएफ मतदाता 11,649, कोई मैपिंग नहीं 3870 दर्ज की जानकारी दी गई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी विस्तृत निर्देशों को पढ़कर सुनाया और राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारियों से अपील की गई कि आप अपने-अपने बीएलए को क्षेत्रीय बीएलओ से समन्वय कर उनके मतदान केन्द्र में कुल दर्ज मतदाता, मृत मतदाता, स्थानांतरित मतदाता व अनुपस्थित मतदाताओं की सूची प्राप्त कर उसका अवलोकन कर ले। समय से पूर्व सूचित इस कार्यालय को सूचित करें।

# बेटी के साथ बलात्कार करने वाले सौतले पिता को 20 वर्ष की सजा

**जागरण अशोकनगर।**

विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) जिला अशोकनगर द्वारा गुरूवार को निर्णय पारित करते हुये अपनी नाबालिक बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले कलयुगी सौतेले पिता एवं दुष्कर्म में दुष्प्रेरक रही बालिका की माता को 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल 1000-1000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी एडीपीओ/ विषेष लोक अभियोजक यशपाल सिंह यादव द्वारा जिला अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में की गई। मीडिया सेल प्रभारी जिला अभियोजन संचालनालय अशोकनगर ने बताया कि पीडिता ने थाने आकर इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि उसकी मां एवं सौतेले पिता के साथ निवास करती है। एक रात जब पीड़िता अपने बिस्तर पर सोने गई तो उसके सौतेले पिता ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया तथा उससे कहा कि इस बारे किसी को बताया तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा। उक्त घटना से पूर्व भी उसके सौतेले पिता द्वारा उसके साथ दो बार गलत काम किया था। डर के कारण पीडिता ने उक्त बात किसी को नहीं बताई थी। पीडिता की उक्त षिकायत पर से थाने में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवचेना के दौरान पीडिता के पूरक कथन लेख किये गये। पूरक कथन एवं न्यायालयीन कथन में पीडिता द्वारा यह व्यक्त किया कि उसने घटना के बारे में पूर्व में अपनी मां को बताया था परंतु उसकी मां द्वारा उसका पक्ष न लेकर उसके सौतेले पिता का पक्ष लेते हुये एवं पीडिता को डांटते हुये मारने की धमकी दी थी। पीडिता के उक्त कथन एवं विवेचना में अन्य साक्ष्य के आधार पर मामले में पीडिता की मां को सह आरोपी बनाया गया। विषेष न्यायालय द्वारा विचारण उपरांत आरोपीगण को प्रकरण में दोषी पाते हुये उनके विरूद्ध दोषसिद्धि का निर्णय पारित किया गया।

# चंदेरी के चिन्हित क्षेत्र को अभयारण्य घोषित करने की मांग

## भाजपा जिलाध्यक्ष तिवारी ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**जागरण अशोकनगर।**



भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर चंदेरी के चिन्हित वन संरक्षित क्षेत्र अभयारण्य घोषित करने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में तर्क दिया है कि चंदेरी क्षेत्र वन्य प्राणियों की विपुल संख्या के लिए भारत भर में प्रसिद्ध था, जो कि हमे इतिहास के पन्नों को देखने पर पता चलता है। ओर वन क्षेत्र में स्थित मृढिया पहाड़ उसी समय से आयुर्वेदिक पहाड़ी हर्बल हिल के नाम से प्रसिद्ध है। जहां पर आज भी 240 से अधिक औषधीय महत्व की प्रजातियों की जड़ी बूटी पाई जाती है। इन सभी विविधताओं एवं धरोहरों के महत्व को वन अभ्यारण्य/हेरिटेज बनाया जाना वन संरक्षण एवं ऐतिहासिक विरासत को सहेजने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि उपरोक्त मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर आवश्यक स्वीकृति प्रदान करने की जाए।

**नवीन प्रस्तावित चंदेरी उत्तर अभयारण्य के संबंध में सामान्य जानकारीः** चंदेरी क्षेत्र विगत काल में राजवंशों के अन्तर्गत शासित क्षेत्र रहा है, तथा वन्य प्राणियों की विपुल संख्या के लिए भारत भर में प्रसिद्ध था जो हमें इतिहास के पन्नों को पलट कर देखने पर पता चलता हैए किन्तु आज भी यह क्षेत्र जैव विविधता एवं ऐतिहासिक धरोहर की दृष्टि से अत्यन्त महत्पूर्ण है। चंदेरी पर विभिन्न राजवंशों के शासन काल में जब आधुनिकता का दौर नहीं था, स्थानीय लोग जड़ी-बूटी पर निर्भर रहकर सेहत का ध्यान रखते थे। वन क्षेत्र में स्थित मुड़िया पहाड़ उसी समय से आयुर्वेदिक पहाड़ी ;हर्बल हिलद्ध के नाम से प्रसिद्ध हैए जहां पर आज भी 240 से अधिक औषधीय महत्व की प्रजातियां पाई जाती हैं। इन सभी विविधताओं एवं धरोहरों के महत्व को वन अभ्यारण्य हेरिटेज अभ्यारण्य बनाया जाना वन संरक्षण एवं ऐतिहासिक विरासत को सहेजने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। चंदेरी रेंज के अंतर्गत उत्तर दिशा में स्थित वन क्षेत्र में वन्य प्राणी अत्याधिक संख्या में पाये जाते है तथा वन क्षेत्र भी अत्यंत घना है चंदेरी क्षेत्र पूर्व से वन एवं वन्य प्राणियों की दृष्टि से अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुये क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र अभ्यारण घोषित करने के संबंध में शासन को अधिसूचना हेतु प्रस्ताव प्रेषित किये गये है। वन एवं वन्य प्राणियों को सुरक्षा प्रदाय करना। ईको टूरिज्म को बढ़ावा देना। ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षण प्रदान करना। स्थानीय जनता को रोजगार के अवसर प्रदाय करना। क्षेत्र को राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर चिन्हांकित करना।

# नपा ने शहरभर में अलाव एवं रैन बसेरा से मिल रही ठंड से राहत

**जागरण, शिवपुरी।** कड़ाके की ठंड में आमजन को सुरक्षित रखने के लिए नगर पालिका परिषद शिवपुरी ने इस वर्ष भी व्यापक इंतजाम कर शहरवासियों को राहत पहुंचाने की पहल की है। 3 दिसंबर से शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से अलाव जलवाने की व्यवस्था शुरू कर दी गई है, जिससे रात्रि समय यात्रियों और राहगीरों को ठिठुरन से बचाव मिल सके। रेलवे स्टेशन, पोहरी बस स्टैंड, जिला चिकित्सालय परिसर, माधव चौक, पुराना बस स्टैंड, पाम पार्क और मेडिकल कॉलेज परिसर सहित अनेक भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नगर पालिका की टीम रोजाना अलाव प्रज्वलित कर ठंड से जूझ रहे लोगों को राहत दे रही है। इसके साथ ही नगर पालिका ने पोहरी बस स्टैंड और पुराने बस स्टैंड स्थित रैनबसेरा में यात्रियों के लिए निःशुल्क रात्रि विश्राम की सुविधा भी उपलब्ध कराई है। यहां गर्म बिस्तर, कंबल, गर्म पानी और हीटर जैसी सभी आवश्यक सुविधाएँ सतत उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनका लाभ बड़ी संख्या में नागरिक प्रतिदिन ले रहे हैं। नगर पालिका ने कहा कि पोहरी बस स्टैंड पर पहले से ही नियमित तौर पर अलाव की व्यवस्था की जाती रही है, जहां एक रैनबसेरा सहित दो यात्री प्रतीक्षालय मौजूद हैं और इनका उपयोग लगातार किया जा रहा है। हाल ही में ईसागढ़ निवासी अरुण त्यागी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु का उल्लेख करते हुए नगर पालिका ने बताया कि उस दिन भी संबंधित स्थल पर अलाव की व्यवस्था की गई थी।

# 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाया एडीएम का स्टेनो

## जमीन के नाम दुरुस्ती के लिए मांगे थे 20 हजार रुपए

**जागरण, शिवपुरी।** शिवपुरी मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को लोकायुक्त ग्वालियर की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। टीम ने एडीएम कार्यालय के स्टेनो मोनू शर्मा को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। स्टेनो जमीन की नाम दुरुस्ती के नाम पर यह रिश्वत मांग रहा था।

श्रीपुर चक्क गांव के ध्यानेंद्र सिंह पडरैया ने लोकायुक्त से शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि उनके पिता मनमोहन सिंह की रन्नौद तहसील के बगोरिया में करीब 50 बीघा जमीन है। इस जमीन को फर्जीवाड़ा कर किसी अन्य व्यक्ति ज्ञान सिंह के नाम चढ़ा दिया गया था। जमीन के नाम दुरुस्ती के लिए लगाई गई फाइल तहसील से एडीएम ऑफिस शिवपुरी पहुंची थी।

यहां दुरुस्ती के बदले स्टेनो द्वारा 20 हजार रुपए की मांग की गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, स्टेनो ने कहा था कि यह राशि एडीएम से लेकर ऊपर तक जाएगी। सौदा तय होने पर पहले 5 हजार रुपए एडवांस दिए गए थे। इसके बाद 9 दिसंबर को लोकायुक्त ग्वालियर में शिकायत दर्ज कराई गई। बुधवार को 10 हजार रुपए और दिए गए, जबकि अंतिम किस्त के तौर पर गुरुवार को 5 हजार रुपए देने की बात तय हुई थी। आज जब



ध्यानेंद्र सिंह ने तय रकम स्टेनो मोनू शर्मा को सौंपी, तभी लोकायुक्त की टीम ने मौके पर दबिश देकर उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। लोकायुक्त ग्वालियर के डीएसपी विनोद सिंह कुशवाह ने इस कार्रवाई की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि स्टेनो मोनू शर्मा को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है और एफआईआर दर्ज कर ली गई है। कुशवाह ने यह भी कहा कि मामले में जो भी अन्य अधिकारी-कर्मचारी संलिप्त पाए जाएंगे, उनके खिलाफ भी जांच की जाएगी।

## चार साल से फरार एक स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**शिवपुरी।** गोपालपुर थाना पुलिस ने माननीय न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 359/2021 धारा 138 एनआई एक्ट में चार वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी मोहर सिंह गुर्जर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई ने लंबे समय से लंबित चल रहे प्रकरण में महत्वपूर्ण सफलता दिलाई है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा जिलेभर में स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले तथा एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में थाना गोपालपुर पुलिस ने विशेष टीम बनाकर फरार वारंटी की खोज शुरू की। टीम को 11 दिसंबर 2025 को सूचना मिली कि वांछित आरोपी मोहर सिंह पुत्र बाबू गुर्जर उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम ईमलिया क्षेत्र में मौजूद है। पुलिस ने तत्काल दबिश देकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। मोहर सिंह न्यायालय की लगातार अनुपस्थिति के कारण 138 एनआई एक्ट के प्रकरण में स्थायी वारंटी घोषित था। आरोपी को गिरफ़्तार कर माननीय न्यायालय शिवपुरी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ आगे की विधिक कार्यवाही की गई।

# पारिवारिक विवाद में पत्नी ने किया हंसिए से हमला, पति गंभीर घायल



**जागरण, शिवपुरी।** शहर के मनियर इलाके में बुधवार देर रात पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। नाबालिग बेटी की शादी को लेकर चल रहे तनाव के बीच पत्नी ने पति पर हंसिए से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल पति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल जय सिंह यादव ने बताया कि उनकी पत्नी लक्ष्मी यादव नाबालिग बेटी की शादी जल्द करना चाहती थी और उसने एक रिश्ते पर सहमति भी दे दी थी। जब जय सिंह ने बेटी की उम्र और भविष्य का हवाला देकर इस शादी का विरोध किया, तो इस पर दोनों के बीच कई दिनों से कहासुनी और तनाव चलता रहा। जय सिंह का आरोप है कि पत्नी बेटी के होने वाले जेठ से बार-बार फोन पर बात करती थी, जिसका उन्होंने विरोध किया। बुधवार रात इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। घर में कहासुनी इतनी तीखी हो गई कि गुस्से में पत्नी ने पास रखा हंसिया उठा लिया और पति पर वार कर दिया। धारदार वार सीधे हाथ पर लगा, जिससे गहरी चोट आई और खून बहने लगा। परिजनों ने तुरंत उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए उपचार शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल के बयान दर्ज किए। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परिवार में चल रहे तनाव को देखते हुए पुलिस सतर्कता बनाए हुए है। यह घटना शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# बुजुर्ग किसान पर लाठी से हमला, दो आरोपी नामजद

**जागरण, शिवपुरी।** रन्नौद थाना क्षेत्र के ग्राम जरिया में नहर का पानी देने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि एक 60 वर्षीय बुजुर्ग किसान पर लाठी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पानी के बंटवारे को लेकर शुरू हुआ मामूली सा विवाद शाम तक हिंसक रूप ले चुका था।

पीड़ित कल्लू केवट ने पुलिस को बताया कि वे नहर से अपने खेत में पानी छोड़ रहे थे, तभी गांव के धीरज धाकड़ और जितेंद्र धाकड़ ने आकर पानी रोक दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी बात अनसुनी कर विवाद बढ़ा दिया। शाम करीब 6 बजे दोनों आरोपी कल्लू केवट के घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब बुजुर्ग ने विरोध किया, तो धीरज ने उन्हें पकड़ लिया और जितेंद्र ने लाठी से सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे वे लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना के समय उनकी बेटियाँ पूनम और रामकली मौजूद थीं।

उन्होंने चीख-पुकार कर बीच-बचाव किया और किसी तरह अपने पिता



को बचाया। पीड़ित के अनुसार जाते-जाते आरोपियों ने उन्हें धमकी दी कि अगर उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट की तो जान से मार देंगे। पीड़ित की शिकायत पर रन्नौद थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों धीरज धाकड़ और जितेंद्र धाकड़ के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बड़े भाई के 2 लाख रूपए चुराए, छोटा भाई गिरफ्तार

**जागरण, शिवपुरी।** जिले के इंदार थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुरुवार को बड़े भाई के 2 लाख रुपए चुराने वाले सगे छोटे भाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की पूरी रकम भी बरामद कर ली है। इंदार थाना प्रभारी दिनेश सिंह नरवरिया ने बताया कि बुधवार (10 दिसंबर 2025) को इंदार निवासी मुकेश कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकेश ने बताया था कि उसके घर में रखे बक्से से रात में अज्ञात चोर 2 लाख रुपए चुरा ले गए। इस मामले में इंदार थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ की, जिसके बाद इंदार निवासी 19 वर्षीय पर्वत कुशवाह, जो फरियादी का छोटा भाई है, से शक के आधार पर पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में पर्वत कुशवाह ने स्वीकार किया कि उसने ही अपने बड़े भाई के 2 लाख रुपए चुराए थे। आरोपी ने बताया कि वह कोई काम नहीं करता था और उसे पता था कि उसका बड़ा भाई मजदूरी तथा खेती से पैसे जोड़कर घर में रखता है। लालच




में आकर उसने बक्से से रकम निकाली और खेत की बाड़ के पास जमीन खोदकर छिपा दी थी। पुलिस टीम ने आरोपी पर्वत कुशवाह को 10 दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी की गई पूरी 2 लाख रुपए की नकदी बरामद कर ली गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

# रास्ते को लेकर विवाद में दो पक्ष भिड़े, एक ही परिवार के 4 लोग घायल, बेटे को घर के बाहर देख आरोपियों ने किया हमला



**जागरण, शिवपुरी।** जिले के मायापुर थाना क्षेत्र के पुरा अटा गांव में बुधवार को रास्ते के पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस मारपीट में एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरियादी अमोल सिंह यादव (58) ने पुलिस को बताया कि बुधवार को उनका बेटा जयपाल घर के सामने खड़ा था। तभी आरोपी बलवीर यादव, सुनील यादव और गोलू यादव वहां आए और पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जब परिवार के अन्य सदस्य बीच-बचाव करने आए, तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर झगड़ा शांत कराया, लेकिन तब तक मारपीट में कई लोग घायल हो चुके थे। अमोल सिंह यादव के अनुसार, आरोपी मौके से जाते समय उन्हें जान से मारने की धमकी भी देकर गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही मायापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बलवीर यादव, सुनील यादव, गोलू यादव सहित कुल पांच आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

# जागरण गुना

गुना, 12 दिसंबर, 2025 | चांचौड़ा - राघौगढ़ | www.dainikjagranmpcg.com


### कैंट में हुआ मां जीण माता का मंगल पाठ

**गुना।** श्री जीण माता सेवा समिति, गुना के तत्वावधान में बुधवार को केंट स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में जीर्ण शक्ति जय माँ जीण मंगलपाठ का आयोजन किया गया। यह धार्मिक अनुष्ठान गोपाल गुप्ता के निवास पर किया गया। समिति के सदस्य विवेक गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। इसके उपरांत समिति के सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से मंगलपाठ किया।

### भादौर में सरकारी जमीन से हटाई गई अवैध गुमटी

**गुना।** आरोन तहसील अंतर्गत ग्राम भादौर में बुधवार को को राजस्व विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शासकीय सड़क किनारे की भूमि से अवैध अतिक्रमण और एक गुमटी को हटा दिया। राजस्व विभाग द्वारा यह कार्रवाई विधिवत रूप से नोटिस जारी करने के बाद की गई। अवैध कब्जे को हटाने के लिए जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया। इस दौरान शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

## सड़कों पर छात्रों द्वारा की जा रही यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी

# बिना लाइसेंस-हेलमेट फर्राटा भर रहे स्कूली छात्र, पुलिस मौन

**जागरण, गुना।** शहर के बड़े और प्रतिष्ठित स्कूलों के प्रबंधन और शिक्षक, जो छात्र-छात्राओं को संस्कारी बनाने और उच्च शिक्षा का ढिंढोरा पीटते हैं, वे ही उन्हें सबसे बुनियादी यातायात नियमों का पालन करना नहीं सिखा पा रहे हैं। चिंताजनक बात यह है कि ये स्कूल अपने आंतरिक नियमों को सख्ती से लागू करते हैं, लेकिन सड़कों पर छात्रों द्वारा की जा रही यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी पर पूरी तरह मौन हैं।

गुना के अधिकांश स्कूली छात्र-छात्राएं अब या तो दोपहिया वाहन से आते हैं, या उनके परिजन उन्हें चारपहिया वाहन से छोड़ने/लेने आते हैं। बावजूद इसके, गुना के बड़े से बड़े स्कूलों के बच्चे न तो हेलमेट का इस्तेमाल कर रहे हैं और न ही उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस होता है। शहर का एक नामी स्कूल तो एबी रोड जैसे व्यस्त मार्ग पर स्थित है, जहाँ दुर्घटना की आशंका सबसे अधिक रहती है। लेकिन, चूँकि इस स्कूल में



अधिकारी, जनप्रतिनिधि और धन्नासेठों के बच्चे पढ़ते हैं, इसलिए ट्रैफिक पुलिस भी इन छात्रों पर कार्रवाई करने से बचती है।

### पुलिस की खानापूर्ति

पुलिस कभी-कभार हनुमान चौराहा या जयस्तंभ चौराहे पर प्वाइंट लगाकर बच्चों को डांट-फटकार लगा देती है, लेकिन मुख्य समस्या का समाधान नहीं हो पाता है। अभिभावकों को बुलाकर यह नहीं समझाया जाता कि बच्चों के लिए लाइसेंस बनवाना और हेलमेट पहनना अनिवार्य है। हाल ही में 10 दिसंबर को ही पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर हेलमेट और तीन सवारी बैठाने वालों पर कार्रवाई का अभियान खत्म हुआ है। इस अभियान के तहत आम लोगों के चालान तो बनाए गए, लेकिन भविष्य की चाबी माने जाने वाले स्कूली बच्चों को छोड़ दिया गया। यह विचारणीय प्रश्न है कि जिन स्कूलों में उच्च शिक्षा देने का दावा किया जाता है, वे बच्चों को सड़क सुरक्षा की शिक्षा क्यों नहीं दे पाते?

### चिंताजनक हालात

हैरान करने वाला तथ्य यह भी है कि ट्रैफिक विभाग और यहाँ तक कि पुलिस अधीक्षक द्वारा भी समय-समय पर स्कूलों में जाकर बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने और अभिभावकों को समझाइश देने के लिए जागरूक किया जाता रहा है। इसके बावजूद, सबसे ज्यादा चिंताजनक हालात स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा ही यातायात नियम तोड़ने के सामने आते हैं। गुना के बड़े स्कूलों के बाहर बच्चों को बिना हेलमेट और तीन सवारी बैठाकर अल्हड़ तरीके से घूमते-फिरते देखा जा सकता है।

### बन सकता है डीएल

मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 के अनुसार, सामान्यत- ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए 18 साल की उम्र पूरी होना जरूरी है। हालांकि, एक्ट में एक खास प्रावधान है। मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के तहत, 16 साल की उम्र में भी ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया जा सकता है, लेकिन इसमें कुछ खास शर्तें शामिल हैं। इस लाइसेंस को लेने के बाद व्यक्ति केवल 50 सीसी या उससे कम सीसी की बिना गियर वाली बाइक/स्कूटी ही चला सकता है। अन्य वाहन चलाने के लिए उसे 18 साल की उम्र पूरी होने के बाद लाइसेंस को अपडेट करवाना पड़ेगा। इस लाइसेंस को बनवाने की प्रक्रिया सामान्य ड्राइविंग लाइसेंस (लर्नर लाइसेंस) बनवाने के समान ही होती है।

## सिंगवासा के सहरिया परिवार को बारां जिले में बनाया बंधक

# युवा संगठन जिला प्रशासन के पास लेकर पहुंचा, मुक्ति प्रमाण पत्र बनवाने की मांग

**जागरण, गुना।** जिले का प्रशासन चांचौड़ा, राघौगढ़ और कुंभराज तहसीलों में मध्यप्रदेश सहित दूसरे राज्यों को मुक्त कराने की जद्दोजहद में लगा रहा, वहीं गुना जिले के 4 बंधुआ मजदूर राजस्थान में 10 सालों से दबंगों के चंगुल में फंसे हुए थे। यह चौंकाने वाला दावा किया है कि पीड़ित युवा मंडल नामक संगठन ने।

इस संगठन का दावा है कि उनकी सक्रियता के चलते गुना जिले के चार बंधुआ मजदूरों को राजस्थान के बारां जिले से मुक्त करा लिया गया है। ये चारों मजदूर पिछले 10 वर्षों से एक आरोपी के यहाँ कर्ज चुकाने के लिए बंधुआ मजदूर की तरह रह रहे थे और उन्हें कहीं भी आने-जाने की आजादी नहीं थी। हालांकि, मुक्ति के बाद अब पीड़ित युवा मंडल ने जिला प्रशासन से मजदूरों को जल्द से जल्द मुक्ति प्रमाण पत्र दिलाने की गुहार लगाई है। संगठन के



मुताबिक गुना जिले के ग्राम सिंगवासा चक निवासी फूल सिंह सहरिया ने पीड़ित युवा मंडल को सूचना दी थी कि उनके साले भैयालाल, उनकी पत्नी, पुत्र और पुत्रवधू, राजस्थान के बारां जिले के ग्राम निपानिया में पिछले 10 सालों से बंधुआ मजदूर के रूप में रह रहे हैं। परिवार ने 45 हजार रुपए का कर्ज लिया था, जिसे चुकाने के लिए वे आरोपी के घर बंधुआ मजदूर बने हुए थे। आरोप है कि निपानिया निवासी सुरेश धाकड़ चारों को कहीं आने-जाने नहीं दे रहा था, और भागने की कोशिश करने पर उनके साथ मारपीट भी की जाती थी। पीड़ित युवा मंडल ने तुरंत बारां जिले की छबड़ा तहसील एसडीएम को पूरी जानकारी दी। छबड़ा एसडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की। पीड़ित युवा मंडल की पहल और छबड़ा प्रशासन की कार्रवाई के परिणामस्वरूप, बंधुआ मजदूर भैयालाल पुत्र कन्नू सहरिया, फूला बाई सहरिया, जानू सहरिया और नंदनी सहरिया को सुरेश धाकड़ के चंगुल से मुक्त करा लिया गया।

एसडीएम से मांगी मदद

चारों मजदूरों को मुक्त कराने के बाद पीड़ित युवा मंडल ने एक नई समस्या को उठाया है। संगठन का कहना है कि छबड़ा प्रशासन ने चारों को मुक्त तो करा लिया है, लेकिन उन्हें मुक्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है, जो कि बंधुआ मजदूरों के पुनर्वास और सरकारी लाभ के लिए आवश्यक होता है। इसको लेकर पीड़ित युवा मंडल ने गुरुवार को एसडीएम कार्यालय, गुना में पहुंचकर मामले की पूरी जानकारी दी और जिला प्रशासन से गुहार लगाई है। संगठन ने मांग की है कि छबड़ा एसडीएम से संपर्क कर गुना तहसील के चारों पीड़ित बंधुआ मजदूरों को शीघ्रता से मुक्ति प्रमाण पत्र दिलाया जाए, ताकि उन्हें न्याय और सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

# एनएफएल क्षेत्र में 11 महीने बाद फिर तेंदुआ की दहशत

## वन विभाग ने जारी की चेतावनी: अकेले न जाएं

**जागरण, गुना।** जिले के राघौगढ़ क्षेत्र में स्थित नवरत्न कंपनी नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) परिसर में 11 महीने बाद एक बार फिर तेंदुआ दिखाई दिया है। एनएफएल की सुरक्षा करने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने तेंदुआ को अपने कैमरे में रिकॉर्ड किया है।

राघौगढ़ वन विभाग ने तेंदुआ होने की पुष्टि करते हुए एनएफएल महाप्रबंधक को पत्र लिख दिया है। जिसमें कहा गया है कि प्रबंधन अपने कर्मचारी, श्रमिकों और उनके परिवारों को इस बारे में सूचना दे और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति परिसर के जंगल, पानी की उपलब्धतता वाले क्षेत्र में अकेले न जाए। अगर बहुत जरूरी काम हो तो समूह में लोग जा सकते हैं, जिससे तेंदुआ के हमला करने की संभावना कम हो सकती है। साथ ही किसी को तेंदुआ नजर आने पर तुरंत विभाग तक सूचना पहुंचाने के लिए कहा गया है, ताकि उसे रेस्क्यू किया जा सके। इस पत्र के बाद एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एनएफएल प्लांट परिसर में तेंदुआ सड़क के बीचों-बीच टहलता दिखाई दे रहा है।



### जनवरी में भी किया था रेस्क्यू

इससे पहले जनवरी महीने में भी एक महीने तक तेंदुए की दहशत एनएफएल और नजदीकी गेल परिसर में देखी गई थी। हालांकि कई दिनों की जद्दोजहद के बाद नेशनल पार्क शिवपुरी से आई टीम ने तेंदुए को रेस्क्यू कर लिया था। एनएफएल और गेल के चारों तरफ जंगली क्षेत्र स्थित है, जहां से वन प्रणाली पानी की तलाश अथवा किसी शिकार का पीछा करते हुए इस कॉमर्शियल क्षेत्र में पहुंच रहे हैं।

## नाबालिग लड़की को सुरक्षित बचाया

# पुलिस की सतर्कता से विदिशा अपहरण कांड का आरोपी पकड़ा



**जागरण, गुना।** बीनागंज चौकी पुलिस ने विदिशा जिले से एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर भाग रहे आरोपी लड़के को तत्परता से पकड़कर लड़की को सुरक्षित संरक्षण दिया। यह घटना 09 दिसंबर 2025 की है। चांचौड़ा थाना क्षेत्र की बीनागंज चौकी पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध लड़का, जिसके साथ एक कम उम्र की, संभवत- नाबालिग लड़की है, टोड़ी रोड़ ब्रिज के पास बस के इंतजार में खड़ा है। इस सूचना को पुलिस ने अत्यंत गंभीरता से लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में, चांचौड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मेहरा के नेतृत्व में बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजयप्रताप सिंह और उनकी टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई। पुलिस टीम ने बिना देरी किए मौके पर पहुंचकर दोनों से पूछताछ की, जिसमें लड़की नाबालिग पाई गई। लड़के ने अपना नाम अभिषेक केवट (निवासी ग्राम घाटाखेड़ी) बताया। उनकी गतिविधि संदिग्ध प्रतीत होने पर दोनों को आगे की पूछताछ के लिए चौकी लाया गया। पुलिस ने लड़की के परिजनों से संपर्क किया और उसके स्थानीय थाना हैदरगढ़, जिला विदिशा से भी जानकारी प्राप्त की।

# पोहरी विधायक को फोन पर मिली धमकी के बाद कुशवाह समाज आक्रोशित



**जागरण, गुना।** शिवपुरी जिले के पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह को फोन पर मिली धमकी से आक्रोशित गुना में भी कुशवाह समाज ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है। कुशवाह समाज जिला गुना द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि कैलाश कुशवाह विधायक पोहरी को 7 दिसंबर को आदतन अपराधी प्रभात रावत, रवि रावत और पवन रावत के मोबाइल नंबरों पर जान से मारने की धमकीभरे फोन किए गए हैं। इस घटना के बाद स्पष्ट हो गया है कि कैलाश कुशवाह सुरक्षित नहीं है, उन्हें राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा दी जाना चाहिए। आरोप है कि पूर्व में भी पोहरी विधायक को सोशल मीडिया पर धमकी मिल चुकी है। जिन लोगों पर धमकी देने का आरोप है कि उनके खिलाफ शिवपुरी कोतवाली में आपराधिक प्रकरण दर्ज होना बताया गया है।

कुशवाह समाज ने पोहरी विधायक को धमकी देने वाले आरोपियों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज करने और कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर कुशवाह समाज के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## परिवहन विभाग ने यात्री बसों पर कसा शिकंजा

# बिना परमिट सड़क पर दौड़ रही दो बसों पर 63 हजार जुर्माना

**जागरण, गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के सख्त निर्देश पर जिले में यात्री बसों के खिलाफ जांच और कार्रवाई लगातार जारी है। नियमों का उल्लंघन करने वाली दो यात्री बसों को जब्त किया गया है, जबकि अन्य पाँच बसों पर 63,000 का जुमार्ना लगाया गया है।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र वैश्य ने बताया कि आज बजरंगगढ़-आरोन मार्ग पर चल रही लगभग 15 यात्री बसों की सघन जाँच की गई। इस दौरान बसों में परमिट, फिटनेस प्रमाण पत्र, फायर फाइटर (अग्निशमन यंत्र), और फर्स्ट एड किट आदि का निरीक्षण किया गया। जाँच के दौरान, बस क्रमांक एमपी 13 जेड आर 8714 और एमपी 08 पी 0549 बिना वैध परमिट के चलते पाई गईं। नियमों के उल्लंघन के चलते इन दोनों बसों को जब्त कर बजरंगगढ़ और आरोन थाने में खड़ा कराया गया है। इसी प्रकार, अन्य 05 बसों पर विभिन्न अनियमितताओं के लिए कुल 63,000 की चालानी कार्रवाई की गई। ज्ञानेंद्र वैश्य ने बताया कि आज की गई कार्यवाही के दौरान बस ड्राइवर और




कंडक्टरों को यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की सख्त समझाइश भी दी गई। इस कार्यवाही में गुना आरटीओ ज्ञानेन्द्र वैश्य, चेक प्वाइंट प्रभारी महेश मांझी, आरटीओ कार्यालय से विवेक दुबे, प्रशांत गुप्ता, आरक्षक हेमंत रघुवंशी, विकास रघुवंशी, नगर सैनिक राममोहन रघुवंशी एवं अतुल श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त न्यूज़

### नपाध्यक्ष और सीएमओ ने वितरित किए नामांतरण प्रमाण पत्र



**राघोगढ़।** नगर पालिका परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार साहू एवं सीएमओ तेज सिंह यादव ने नामांतरण प्रमाण पत्र वितरण किया रजिस्ट्री एवं पोती नामांतरण के आधार पर 18 प्रमाण पत्र वितरण किया संजय साहू पुत्र अशर्फीलाल साहू लक्ष्मी बाई पत्नी बंसीलाल सैनी ज्योति जैन पत्नी जितेंद्र ममता धाकड़ पत्नी हरि सिंह धाकड़ एवं अन्य आवेदको ने न. पा. पहुंच कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया सीएमओ श्री यादव ने बताया कि 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत पर नगर पालिका में संपत्ति कर जलकर जमा कराकर योजना का लाभ ले इस अवसर पर पार्षद चंद्रशेखर बुनकर पार्षद पति अशोक मीना राजस्व शाखा नीरज मेर शिवम मेर एवं समर्थ नगर पालिका कर्मचारी मौजूद है।

### समाजसेवी धाकड़ ने मंदिर निर्माण के लिए दी 5 लाख 51 हजार की राशि



राघौगढ़। साडा कॉलोनी राघोगढ़ में नवनिर्मित राम मंदिर, राधा कृष्ण एवं माता मंदिर का निर्माण किया जा रहा है जिसमें भाजपा नेता समाजसेवी राधेश्याम धाकड़ ने 5 लाख 51 हजार रुपए की दान राशि मंदिर निर्माण के लिए राधा कृष्ण सेवा समिति सांडा कॉलोनी को दिए इसके पूर्व में भी श्री धाकड़ द्वारा क्षेत्र के लगभग 100 से अधिक मंदिरों को संवारा जा चुका है दान देने में भी हमेशा आगे रहते हैं शिक्षा के क्षेत्र में भी उनके द्वारा 10 बच्चियों को गोद ले रखा है जिनका पूरी पढ़ाई का खर्चा भी उनके द्वारा उठाया जाता है। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### मंत्री सिंधिया का 16 को आगमन,दो ट्रेनों के स्टॉपेज का करेंगे उद्घाटन

गुना । केंद्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर राज्य विकास मंत्री व गुना सांसद मंगलवार 16 दिसंबर को गुना आगमन हो रहा है जहाँ वे दो ट्रेनों का बहुप्रतीक्षित स्टॉपेज की स्वीकृति का समारोहपूर्वक शुभारंभ करेंगे ।भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया सड़क मार्ग द्वारा शिवपुरी से बमौरी विधानसभा अंतर्गत म्याना पहुंचेंगे जहाँ कई वर्षों से चली आ रही ग्वालियर भोपाल इंटरसिटी ट्रेन के स्टॉपेज की माँग को पूरा करते हुए इसकी स्वीकृति का शुभारंभ करेंगे वहीं गुना विधानसभा अंतर्गत पगारा स्टेशन पहुंचकर भोपाल जोधपुर ट्रेन के पगारा स्टेशन पर स्टॉपेज की स्वीकृति का भी समारोहपूर्वक शुभारंभ करेंगे ।इन दोनों ट्रेनों के ठहराव की मांग कई वर्षों से स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया से की जा रही थी जिसकी रेल प्रशासन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है ।पगारा से वे अशोकनगर प्रस्थान करेंगे ।बुधवार को वे प्रात: गुना पहुंचकर सांसद खेल महोत्सव के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे जिसके उपरांत वे शिवपुरी के लिए रवाना होंगे ।



### नववर्ष पर टेकरी मंदिर में व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व नपाध्यक्ष ने लिखा पत्र

**गुना।** हनुमान टेकरी मंदिर पर व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व नपाध्यक्ष राजेन्द्र सलूजा ने कलेक्टर को पत्र लिखकर अवगत कराया है। पत्र में कहा गया है कि प्रतिवर्ष अनुसार 1 जनवरी को अंग्रेजी नववर्ष अवसर पर हनुमान टेकरी मंदिर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन कर पहुँचते हैं। इस अवसर पर हनुमान टेकरी मंदिर पर अंग्रेजी नववर्ष 01 जनवरी 2026 को बड़ी धूमधाम से जनता द्वारा मनाया जाएगा। इस अवसर पर भव्य मेले का आयोजन भी होता है। जिसमें लाखों की संख्या में जनता दर्शन करती है और मेले क आनंद लेती है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न किया जाता है। इसके लिए पानी की व्यवस्था के लिए पीएचई को निर्देशित किये जाने और स्ट्रीट लाईट, सफाई व्यवस्था एवं एमपीईबी की लाईट, डीपी की व्यवस्था और वोल्टेज की व्यवस्था सहित दो एम्बूलेंस एवं दो फायरब्रिगेड की व्यवस्था की की मांग की गई है। साथ ही पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को भी रोड के डिवाईडर एवं पोल की रंगाई पुताई का कार्य समय पर करने और बूढे बालाजी से टेकरी मार्ग तक सीसी डालने का कार्य जो धीमी गति से चल रहा है उसे समय पर पूर्ण नहीं किया गया तो काफी अव्यवस्था का सामना करना पड़ सकता है। अत: लोक निर्माण विभाग गुना को निर्देशित कर कार्य में शीघ्रता लाने की मांग की गई।



## जिले में टोकन वितरण की अवधि घटने से किसानों में भारी आक्रोश

# 4 घंटे का समय, 1 घंटे में टोकन बांटकर चलते बने अधिकारी

**जागरण, गुना।** किसानों को यूरिया खाद के लिए गुना जिले में इन दिनों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीड़ को नियंत्रित करने और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशासन ने खुले दशहरा मैदान में चार घंटे का टोकन वितरण केंद्र स्थापित किया था। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से अधिकारियों द्वारा टोकन वितरण का समय घटाकर मात्र एक घंटा कर देने से किसानों में आक्रोश पनपने लगा है।

गुरुवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ जब गोपालपुरा स्थित दशहरा मैदान पर सुबह सुबह 9 बजे टोकन वितरण शुरु किया गया और 10 बजे काउंटर बंद कर दिया गया। इसके चलते किसान आक्रोशित हो गए। कुछ किसानों ने अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। इसके समर्थन में किसान निरंतर कह रहे हैं कि वितरण व्यवस्था का उद्देश्य ठीक था, लेकिन मैदानी कर्मचारी



गुना। टोकन वितरण केंद्र पर मौजूद अधिकारी।

अधिकारियों की मनमानी हावी हो गई है। शुरूआत में, कलेक्टर के निर्देशन पर अधिकारी निर्धारित समय पर टोकन वितरण के लिए पहुँच रहे थे। लेकिन अब वितरण अवधि को अचानक से घटा दिया गया है। किसानों ने अपनी व्यथा व्यक्त करते हुए बताया कि वे 20 से 40 किलोमीटर दूर से सुबह-सुबह, कड़ाके की ठंड के बीच टोकन लेने के लिए बड़ी उम्मीद से आते हैं। लंबी दूरी और ठंड बर्दाश्त करने के बाद जब उन्हें मात्र एक घंटे की वितरण अवधि के कारण खाली हाथ लौटना पड़ता है, तो उनका गुस्सा जायज है। एक किसान ने कहा कि हम इतनी दूर से ठंड में आते हैं। प्रशासन ने चार घंटे का समय तय किया था, लेकिन अधिकारी सिर्फ एक घंटे टोकन बाँटकर चले जाते हैं। इससे हमारी मेहनत और समय दोनों बर्बाद हो रहे हैं। हमें समय पर यूरिया कैसे मिलेगी? किसानों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि या तो टोकन वितरण का समय तुरंत बढ़ाकर 4 घंटे किया जाए, या फिर टोकन वितरण की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जाए।

## अनाधिकृत लेन-देन का वीडियो वायरल

# महिला एवं बाल विकास विभाग के दो कर्मचारी तत्काल प्रभाव से निलंबित

**जागरण, गुना।** अनाधिकृत रूप से राशि के लेन-देन के दो अलग-अलग मामलों में, महिला एवं बाल विकास विभाग ने सख्ती दिखाते हुए सहायक ग्रेड-3 श्वेता शर्मा और भृत्य मुंशीलाल जाटव को विभागीय नियमों के उल्लंघन के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सहायक ग्रेड-3 श्वेता शर्मा, जो वर्तमान में आईसीडीएस गुना ग्रामीण में पदस्थ थीं, का अनाधिकृत रूप से राशि का लेन-देन करते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था, जो कार्यालय को प्राप्त हुआ। वीडियो की सत्यता की जांच के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, गुना द्वारा एक जांच दल का गठन किया गया। जांच दल ने पाया कि वायरल वीडियो सत्य है और यह कृत्य मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1, 3, 6 एवं 9 का गंभीर उल्लंघन तथा कदाचार है। इस जांच के आधार पर श्वेता शर्मा को मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के नियम-9 के तहत निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय महिला एवं बाल विकास परियोजना राधौगढ़ निर्धारित किया गया है, जहाँ उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। इसी प्रकार, परियोजना आरोन के भृत्य मुंशीलाल जाटव का भी अनाधिकृत राशि लेन-देन का मामला वायरल वीडियो के आधार पर सामने आया। विभाग द्वारा की गई जांच में पाया गया कि उनका यह कृत्य भी मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1, 3, 6 एवं 9 का उल्लंघन और कदाचार की श्रेणी में आता है। इस पर उन्हें भी मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के नियम-9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।